दिनांकः 13.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के लिए शांति को सर्वोपरि बताया–मणिपुर में युवाओं से कल्याण का मार्ग अपनाने की अपीलं
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा–प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए पांच हज़ार करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगें
- राज्य में बारिश का दौर फिलहाल थमा–पश्चिमी राजस्थान से मॉनसून के विदाई के लिए 15 सितम्बर से परिस्थितियां अनुकूलं
- राष्ट्रीय हिन्दी दिवस कल–राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने हिन्दी को तकनीक से जोड़ते हुए आधुनिक विश्व भाषा बनाए जाने का आह्वान कियां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मिज़ोरम की राजधानी आइज़ॉल में नौ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास और शुभारंभ कियां श्री मोदी ने आठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बैरबी–सैरांग नई रेल लाइन का उद्घाटन किया, जो पहली बार मिजोरम की राजधानी को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड रही हैं इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि इससे लोगों को सुरक्षित और किफ़ायती यात्रा की सुविधा मिलेगीं इसके साथ ही व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगां प्रधानमंत्री ने इससे पहले मणिपुर में जनसभा को संबोधित कर लोगों से शांति का मार्ग अपनाने का आह्वान कियां चूड़ाचांदपुर जिले के पीस ग्राउंड में श्री मोदी ने युवा पीढ़ी के कल्याण के लिए विकास की राह चुनने की अपील कीं

...............

000

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि विकसित भारत के लिए युवा संवाद आवश्यक हैं श्री मांडविया ने बताया कि विकसित **भारत यंग लीडर्स डॉयलाग 2026** क्विज़ प्रतियोगिता की आज से नई दिल्ली में शुरूआत हुई हैं ये क्विज़ अगले महीने की 15 तारीख तक चलेगीं यह प्रतियोगिता **माय भारत पोर्टल** पर उपलब्ध हैं केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि संवाद का यह मंच विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवा प्रतिभाओं और क्षमताओं के उपयोग के लिए तैयार किया गया हैं उन्होंने छात्रों और युवा से इस क्विज में भाग लेने का आग्रह कियां

**एसबी–मनसुख मांडविया**

विकसित भारत यंग लिडर्स डायलॉग 2026 भव्य समापन अगले वर्ष 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में होगां

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2025 के दूसरे दिन आज जयपुर के बिड़ला सभागार में बी2बी मीटिंग्स और एक्सपो का शुभारम्भ कियां इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का भी अवलोकन कियां इस अवसर पर अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटन सुविधा विकास कार्यों के लिए पांच हज़ार करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगें उन्होंने कहा कि पर्यटन राज्य की आजीविका, संस्कृति और गर्व का आधार हैं 2023 में प्रदेश में 18 करोड़ घरेलू और 18 लाख अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आएं मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले साल पर्यटकों की आवक में करीब 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई हैं पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र आज लाखों लोगों को रोजगार दे रहा हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान वैश्विक पर्यटन गंतव्य बनाने का लक्ष्य रखा गया हैं

000

प्रदेशभर में आज तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गईं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इसका आयोजित इन लोक अदालतों में आपसी राज़ीनामे से लाखों मामलों को निपटाया गयां राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश की सभी अधीनस्थ अदालतों में लोक अदालत लगीं कुल 498 बैंचों के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर प्रकरणों की सुनवाई की गईं

000

सलूम्बर में पुलिस ने अवैध रूप से जमा की गई करीब ढाई सौ टन बजरी ज़ब्त की हैं पुलिस ने ये कार्रवाई साजनोत में कीं थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने पटवारी के साथ छापा मारा और मौके पर 12 टीलों में जमा की गई बजरी ज़ब्त कीं

000

तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद की ओर से किये गये सुधारों की घोषणा से विभिन्न क्षेत्रों में फायदा होगां घरेलू और रोजाना काम में आने वाली वस्तुओं पर कर दरों में कटौती से आम लोगों को काफी राहत मिलेगीं आज हम बात करने जा रहे हैं, खाद्य क्षेत्र कीं खाने–पीने की कई चीज़ों को जीएसटी मुक्त किया गया हैं वहीं कई पर टैक्स दर घटाई गई हैं नए ढांचे के तहत, सब्ज़ियों, फल, मेवों और फ्रूट जूस पर जीएसटी दर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत की गई हैं वहीं, नमकीन, भुजिया और मिक्सचर पर भी जीएसटी कम कर 5 फीसदी की गई हैं इसके अलावा कैंडी, टॉफ़ी, जेली पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया हैं जयपुर के किराना व्यापारी मनीष जैन ने इसे स्वागत योग्य बताया हैं
उन्होंने कहा कि इससे आगामी त्योहारी सीज़न से पहले खपत और मांग बढ़ेगीं

...............

000

राज्य में बारिश का दौर फिलहाल थमा हुआ हैं मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में केवल धौलपुर के सैपउ में बूंदाबांदी हुई इसके अलावा कहीं से भी बरसात के समाचार नहीं हैं पश्चिमी राजस्थान से मॉनसून के विदा होने के लिए 15 सितम्बर से परिस्थितियां अनुकूल हैं वहीं राज्य के पूर्वी हिस्से के ज्यादातर स्थानों पर अगले दो–तीन दिन तक मौसम शुष्क रहने की संभावना हैं 16 सितम्बर से दक्षिण–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती हैं बारिश का सिलसिला थमने के साथ कई शहरों में रात के तापमान में मामूली कमी दर्ज की जा रही हैं सिरोही, उदयपुर, पाली, प्रतापगढ़ समेत कई शहरों में रात का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहां
प्रदेश में मॉनसून के इस सीज़न में अब तक लगभग 67 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हो चुकी हैं जबकि औसतन 40 सेंटीमीटर बरसात होती हैं अच्छी बारिश से प्रदेश के जल स्त्रोत भी लगभग 90 फीसदी तक भर गये हैं वहीं छोटे–बड़े 693 बांधों में 445 लबालब हैं और डेढ़ सौ आंशिक रूप से भरे हैं

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज अजमेर में बोराज तालाब जल भराव पीड़ितों को राहत राशि का वितरण कियां जिला प्रशासन की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 158 प्रभावित परिवारों को मुआवज़ा दिया गयां कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यदि कोई परिवार सर्वे में आने से रह गया है, तो बाद में उसे भी चिन्हित कर उसे भी राहत पहुंचाई जाएगीं

................

000

भरतपुर में मधुमक्खी पालन के लिए आधुनिक एक्सीलेंस सेंटर खोला जा रहा हैं इसके लिए सेवा पंचायत समिति के मई गुर्जर गांव में करीब 10 हैक्टेयर भूमि चिन्हित की गई हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस सेंटर से मधु मक्खी पालन से जुड़े किसानों और युवाओं को प्रशिक्षण, प्रसंस्करण और वितरण में लाभ मिलेगां

000

राष्ट्रीय हिन्दी दिवस कल हैं हिन्दी भाषा को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए ये दिन मनाया जाता हैं राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने हिन्दी दिवस शुभकामनाएं संदेश में कहा है कि ये दुनिया की सर्वश्रेष्ठ भाषाओं में से एक है, जो विश्वभर में फैले भारतवासियों को अपनत्व की डोर से जोड़ती

हैं राज्यपाल ने हिन्दी को तकनीक से जोड़ते हुए आधुनिक विश्व भाषा बनाए जाने का आह्‌वान किया हैं

राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह कल जयपुर में आयोजित किया जाएगां भाषा और पुस्तकालय विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिन्दी के प्रचार–प्रसार और उन्नयन के लिए योगदान देने वाली प्रतिभाओं को आठ विधाओं में **हिन्दी सेवा पुरस्कार** दिये जाएंगें

000

करौली जिले के नादौती में आज एक स्कूल बस की चपेट में आने से एक बालिका की मृत्यु हो गई वहीं दो बालिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं पुलिस उपाधीक्षक मुरालीलाल मीणा ने बताया कि घटना गुढ़ा चंद्रजी में हुई, जिसमें ये तीनों बालिकाएं इसी बस से उतरकर स्कूल जा रही थीं उसी दौरान चालक ने बस आगे बढ़ा दी और ये बच्चियां दुर्घटना का शिकार हो गईं

000

झुंझुनूं के मंडावा कस्बे में आज हिन्दुस्तान स्काउट गाइड की ओर से जनजागरुकता रैली आयोजित की गई इसके माध्यम से लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने, जल संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गयां

000